प्रेसनोट थाना सिकन्दरा जनपद आगरा।

थाना सिकन्दरा पुलिस टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध नशीला पदार्थ की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 08 किग्रा गांजा व 01 अदद कार बरामद.....

जनपद में चोरी, लूट, अवैध नशीला पदार्थ बिक्री, तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा दिये गये आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी हरीपर्वत के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सिकन्दरा को टीम गठित कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

इसी क्रमानुसार दिनांक 12.07.2021 को गठित पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन हेतु थाना क्षेत्र कारगिल पैट्रोल पम्प के पास चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि एक कार में दो व्यक्ति यूपीएसआईडीसी रोड की तरफ से आ रहे है। उनकी कार की डिग्गी में अवैध नशीला पदार्थ गांजा है जिसकी वह तस्करी करने जा रहे हैं।

पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण :–

इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम बैरियर लगाकर बताये स्थान यूपीएसआईडीसी रोड की तरफ स्थित जपनाम हॉस्पीटल के पास चैकिंग करने लगी। कुछ समय बाद एक कार आती हुयी दिखायी दी। पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देख कार में सवार दोनों व्यक्ति सकपका गये और तेजी के साथ गाड़ी को पीछे की तरफ मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा तत्काल गाड़ी को चारों ओर से घेर कर उसमें सवार दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गाड़ी की तलाशी लेने पर डिग्गी में गांजा बरामद हुआ। तौल कराने पर कुल 08 किग्रा गांजा प्राप्त हुआ। इस सम्बन्ध में थाना सिकन्दरा पर मुकदमा अपराध संख्या 439/21 धारा 8/20(ख)/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

पूछताछ का विवरण :–

पुलिस टीम द्वारा बरामदगी के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर बताया गया कि हम लोग यह गांजा सस्ते दामों खरीदकर ला रहे हैं। इस सामान को हम 01. सत्तो सोनी पत्नी लक्ष्मण सोनी, 02. लक्ष्मण पुत्र नामालूम, 03. नितिन पुत्र लक्ष्मण सिंह नि0गण कान्तीबाई गली कस्बा खन्दौली अपने खंदौली एत्मादपुर रोड पर स्थित ओम सांई ढाबा पर सप्लाई कर देते हैं। वो लोग इस गांजा अपने ढाबे की आड़ में आने जाने वाले लोगों को थोड़ा–थोड़ा बेच देते हैं, जिससे हम लोगों को काफी मुनाफा हो जाता है। बेचने से प्राप्त रूपयों को हम लोग आपस में बांट लेते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :–

01. अनुराग धाकरे उर्फ अन्नू पुत्र रामसहाय धाकरे नि0 हिंडोरा थाना सैंया जनपद आगरा।
02. गब्बर सिंह पुत्र नाहर सिंह नि0 छैना मानपुरा थाना रामपुरा जनपद जालौन।

बरामदगी का विवरण :–

01. 08 किग्रा नशीला पदार्थ गांजा।
02. 01 अदद स्विफ्ट डिजायर कार।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण :–

01. व0उ0नि0 श्री विपिन गौतम थाना सिकन्दरा जनपद आगरा।
02. उ0नि0 श्री विपिन कुमार थाना सिकन्दरा जनपद आगरा।
03. उ0नि0 श्री निशामक त्यागी थाना सिकन्दरा जनपद आगरा।
04. उ0नि0 श्री राजीव कुमार थाना सिकन्दरा जनपद आगरा।
05. हे0का0 रामप्रभाकर, का0 दिगम्बर सिंह, का0 निखिल सिंह, का0 देवेन्द्र सिंह थाना सिकन्दरा जनपद आगरा।

मीडिया सेल जनपद आगरा